आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 शुक्रवार 24.04.2026

मुख्य समाचारः—

1— राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आज रायपुर में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री।

2— प्रदेश में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में किया गया बदलाव।

3— मोहला—मानपुर—अंबागढ़ चौकी जिले में एक लाख रूपए की इनामी महिला माओवादी ने किया आत्मसमर्पण।

4— सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में हुए हादसे को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य शासन को जारी किया नोटिस।

पंचायती राज दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा है कि वे पंचायतों में संचालित सभी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता और समय पर सभी विकास कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे सफल बनाने में पंचायतों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

मुख्यमंत्री ने यह बात आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगी। बाद में मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतों द्वारा अनेक नवाचार किए जा रहे हैं।

वहीं, पंचायती राज दिवस के मौके पर प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया गया।

आंगनबाड़ी—समय बदलाव

भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव कर दिया गया है। अब आंगनबाड़ी केन्द्र छह घंटे की बजाय चार घंटे चलेंगे।

महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले छोटे बच्चो को लू ना लगे इसे ध्यान में रखते हुए आगामी तीस जून तक आंगनबाड़ी केंद्र सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक संचालित होंगे। इस निर्धारित अवधि में बच्चों को पहले से तय समय—सारिणी के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के साथ पूरक पोषण आहार का नियमित वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

कृषि उत्पादन आयुक्त—बैठक

राज्य की कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कहा है कि फिलहाल प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और पिछले वर्ष की तुलना में इस बार करीब ढाई लाख मीट्रिक टन अधिक उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी उर्वरकों की व्यवस्था की गई है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने दुर्ग जिले में संभागस्तरीय बैठक लेकर रबी सीजन की प्रगति और खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की। बाद में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि बैठक में किसानों को समय पर खाद और बीज की उपलब्धता पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

मानवाधिकार आयोग–संज्ञान

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सक्ती जिले में स्थित वेदांता पॉवर प्लांट में बॉयलर ट्यूब विस्फोट के कारण हुई श्रमिकों की मौत और घायल मजदूरों के मामले में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। मीडिया रिपोर्टों के आधार पर इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

इस बीच, हादसे में घायल हुए एक और मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अब मृतकों की संख्या बढ़कर पच्चीस हो गई है। घटना में घायल दस मज़दूरों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा ळें

ट्रेन–परिचालन

गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वलसाड–खड़गपुर–वलसाड के बीच एक–एक फेरे के लिए और सीएसएमटी–खड़गपुर तथा पुणे–खड़गपुर के बीच भी समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसका ठहराव छत्तीसगढ़ के प्रमुख स्टेशनों पर दिया गया है।

वहीं, रायपुर रेल मंडल में भिलाई से भिलाई नगर रेल लाइन के बीच स्थित खुर्सीपार फाटक मरम्मत कार्य के लिए आगामी दो मई तक बंद रहेगा।

माओवादी–आत्मसमर्पण

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में एक लाख रूपए की इनामी महिला माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि इस महिला माओवादी के आत्मसमर्पण के साथ ही यह जिला अब पूरी तरह नक्सलमुक्त हो गया है।

उर्मिला नाम की यह माओवादी बस्तर से पैदल चलकर आत्मसमर्पण करने अपने मूलनिवास क्षेत्र मानपुर पहुंची थी।

बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार पश्चिम एशिया में जारी युद्ध संकट और अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता के बीच प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखने और जमाखोरी रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर केन्द्रित रहेगा। इसके अंतर्गत इंडियन ऑयल कारपोर्रेशन लिमिटेड के राज्य स्तरीय समन्वयक नितिन चौहान से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल पच्चीस अप्रैल को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

जांजगीर–गोलीकांड

जांजगीर–चांपा जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र स्थित करही गांव कल में देर रात तीन नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर गोली चलाई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। दोनों आपस में भाई बताए जाते हैं। घटना के बाद पुलिस ने कई स्थानों पर नाकेबंदी कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना के विरोध में आज जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने शव के साथ विरोध प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। पुलिस की ओर से उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद यह प्रदर्शन खत्म किया गया।

राज्यपाल–हथकरघा उत्पाद

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कोसा साड़ी, शाल और गमछा का अवलोकन किया तथा राज्य के हाथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए नवाचार, डिज़ाइन विकास और मूल्य संवर्धन पर विशेष बल दिया। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कोसा साड़ी और शाल में डॉबी और जैकार्ड तकनीक का उपयोग कर आधुनिक डिज़ाइन विकसित किए जाएं। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग की पसंद को ध्यान में रखते हुए उत्पादों को आकर्षक और किफायती बनाया जाए, ताकि इनकी बाजार में मांग बढ़ सके।

मौसम

मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर आने वाले दो दिनों के दौरान लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में छब्बीस अप्रैल से मौसम का मिजाज बदलने की संभावना जताई गई है। यहां गरज चमक के साथ बारिश होने, आकाशीय बिजली गिरने और तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक उनतीस अप्रैल को सुबह साढ़े ग्यारह बजे मंत्रालय में आयोजित की जाएगी।

– दुर्ग पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ सौ नग कोडीन युक्त सिरप सहित लगभग पांच लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है।

– इसी जिले के नंदिनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से संचालित जर्दा युक्त गुटखा बनाने की फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की है। यहां से बड़ी मात्रा में गुटखा पैकिंग सामग्री और मशीनरी जब्त की गई है।

– धमतरी जिले में आज से दो दिवसीय युवा फेस्ट शुरू हुआ है। इस फेस्ट के दौरान करीब बीस विधाओं में सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल और रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें जिले के छब्बीस महाविद्यालयों के करीब पांच हजार युवा भाग ले रहे हैं।

– सड़क हादसों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर जिले के पत्थलगांव में सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया गया और मोटर साइकिल रैली निकाली गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>